मीरजापुर पुलिस

—प्रेस नोट—

दिनांकः 26.03.2026

थाना को0शहर साइबर सेल टीम द्वारा फेसबुक पर Qutmozz नामक कंपनी का डिस्ट्रीब्यूटरशिप प्रदान के नाम पर ठगी की घटना से सम्बन्धित ₹ 26,000/- को पीड़ित के खाते में कराया गया वापस—

आवेदक गौरव केसरी पुत्र राजकुमार केसरी निवासी घण्टाघर थाना को0शहर जनपद मीरजापुर का दिनांक 22.03.2026 को आनलाइन फ्राड सूचना NCRP पोर्टल पर शिकायत संख्या 23103260055051 से प्राप्त हुआ था। आवेदक द्वारा बताया गया कि सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर Qutmozz नामक कंपनी का विज्ञापन देखा जिसमे डिस्ट्रीब्यूटरशिप देने एवं कम समय मे अधिक लाभ दिलाने का दावा किया गया था। उक्त आश्वासन पर विश्वास करते हुये मेरे द्वारा 26,412/-रुपया ट्रान्सफर कर दिया गया। फ्राड का पता चलते ही आवेदक द्वारा साइबर कम्प्लेन कराया गया इस सम्बन्ध में साइबर सेल थाना को0शहर टीम द्वारा जांच प्रारम्भ कर दी गयी।

अपर्णा रजत कौशिक पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी नगर महोदय के नेतृत्व में साइबर सेल को0शहर द्वारा दिनांक 24.03.2026 व 25.03.2026 को जांच के दौरान आवेदक द्वारा ट्रान्सफर किये धनराशि का 26,000/-रुपया को आवेदक के खाते में वापस कराया गया। आवेदक के खाते में पैसा वापस आने पर साइबर सेल थाना को0शहर की आवेदक द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया। आवेदक को साइबर जागरूकता अभियान के तहत साइबर से होने वाली ठगी के सम्बन्ध में जागरूक किया गया व और भी लोगों को उनके द्वारा साइबर ठगी से सावधान रहने हेतु बताये जाने की बात बतायी गयी।

साइबर सेल टीम थाना को0शहर मीरजापुर

उ0नि0 दयाशंकर ओझा थानाध्यक्ष थाना को0शहर मीरजापुर।

म0का0 पारुल श्रीवास्तवा थाना को0शहर मीरजापुर।

REFUND
RS.-26000/-
PS City Kotwali